आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 15.07.2025 समय : 18.30 पीएम

- ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला सहित चारों अंतरिक्ष यात्रियों की ऐतिहासिक एक्सियम–4 मिशन से आज पृथ्वी पर सकुशल वापसी।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भ्रष्टाचार के बढ़ते दायरे पर चिंता जताते हुए इसे प्रगति के लिए बाधक बताया।
- ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने स्पष्ट किया–स्मार्ट मीटर मौजूदा जरूरतों को देखते हुए आवश्यक–इसका भार उपभोक्ताओं पर नहीं आएगा।
- प्रदेश में कुछ जगहों पर भारी बारिश का दौर जारी–पूर्वी राजस्थान में कल से और राज्य के पश्चिमी हिस्सों में 18 जुलाई से तेज बरसात की गतिविधियों में कमी के आसार।

000

ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला सहित चारों अंतरिक्ष यात्रियों की ऐतिहासिक एक्सियोम–4 मिशन से आज पृथ्वी पर सकुशल वापसी हो गई है। इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन पर 18 दिन के मिशन के बाद ये अंतरिक्ष यात्री आज दोपहर अमरीका के कैलिफोर्निया तट पर उतरे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्री शुक्ला और ड्रैगन स्पेस क्राफ्ट के अन्य क्रू मेम्बर्स का स्वागत करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट साझा की। उन्होंने लिखा कि श्री शुक्ला ने अपने साहस और समर्पण से करोड़ों भारतवासियों को प्रेरित किया है। श्री मोदी ने कहा कि उनकी ये सफलता देश के मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन–गगनयान की दिशा में एक मील का पत्थर है।

केन्द्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेन्द्र सिंह ने ग्रुप कैप्टन शुभांशु की सफल अंतरिक्ष यात्रा पर खुशी जाहिर करते हुए इसे देश के लिए अद्‌भुत क्षण बताया। उन्होंने कहा कि भारत ने अंतरिक्ष में इतिहास रच दिया है।

................

सभी अंतरिक्ष यात्री अगले एक हफ़्ते तक क्वारंटीन में रहेंगे। शुभांशु शुक्ला के 17 अगस्त को दिल्ली पहुंचने की उम्मीद है।
ग्रुप कैप्टन शुक्ला अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का दौरा करने वाले पहले भारतीय और 1984 में अंतरिक्ष में गए विंग कमांडर राकेश शर्मा के बाद दूसरे भारतीय अंतरिक्ष यात्री हैं। अपने प्रवास के दौरान, शुभांशु ने विशिष्ट सूक्ष्म–गुरुत्वाकर्षण प्रयोग किए।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भ्रष्टाचार के बढ़ते दायरे पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार तरक्की में बाधक हैं, इससे योजनाएं फाइलों में दबकर रह जाती हैं। श्री शर्मा आज जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में एसीबी के स्थापना दिवस समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि किसी भी तरह के दबाव में आने की जरूरत नहीं है। कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं होता।

नैतिक मूल्यों की गिरावट का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने एसीबी की हेल्पलाइन 1 0 6 4 का ज्यादा से ज्यादा प्रचार करने की बात कही। एसीबी की कार्यवाहक डीजी स्मिता श्रीवास्तव ने बताया कि महाराष्ट्र के बाद राजस्थान में एसीबी ने सबसे ज्यादा कार्यवाही की हैं।

000

केन्द्रीय इस्पात और भारी उद्योग राज्यमंत्री भूपति राजू आकांक्षी जिले सिरोही के दो दिन के दौरे पर हैं। उन्होंने आत्मा सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। केन्द्रीय राज्यमंत्री ने राजपुरा में जल जीवन मिशन के तहत किये गये कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने वीरवाड़ा में आबूराज वाटिका और झाड़ौली में राजीविका प्रशिक्षण केन्द्र का भी अवलोकन किया।

000

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन–डीआरडीओ ने आज भारतीय नौसेना को स्वदेशी रूप से डिज़ाइन और विकसित किये गये छह रणनीतिक उत्पाद सौंपे। डीआरडीओ अध्यक्ष एस.वी. कामत ने जोधपुर स्थित रक्षा प्रयोगशाला में आयोजित विशेष समारोह में सहायक नौसेनाध्यक्ष रियर एडमिरल श्रीराम अमूर को ये उत्पाद सौंपे।

000

जयपुर और उदयपुर जिलों में बच्चों के पोषण स्तर को सुधारने के लिए मिलेट न्युट्री बार वितरण का पायलट कार्यक्रम शुरू किया गया है। इन जिलों के 544 चुने हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों पर तीन से छह साल तक के बच्चों को सप्ताह में पांच दिन बायो फोर्टीफाइड मिलेट न्युट्री बार दी जाएगी। ये बार बाजरा, गेहूं, मूंगफली और शहद से तैयार की गई है। उपमुख्यमंत्री और महिला तथा बाल विकास मंत्री दीया कुमारी ने आज जयपुर में विद्याधर नगर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र से इस पायलट प्रोजेक्ट का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ये पहल श्री अन्न योजना से प्रेरित है।

000

ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने स्पष्ट किया है कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं की मौजूदा जरूरतों को देखते हुए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इसका भार उपभोक्ताओं पर नहीं आएगा। इसके लिए केन्द्र सरकार की ओर से सब्सिडी मिलेगी और बकाया राशि को डिस्कॉम वहन करेगा। आज जयपुर में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए श्री नागर ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर स्मार्ट मीटर को लेकर राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पिछले सरकार ने ही स्मार्ट मीटर लगाने की शुरूआत की थी और साढे पांच लाख स्मार्ट मीटर लगाये थे।

000

राज्य जीएसटी विभाग ने आयरन स्क्रैप से भरे दस ट्रक जब्त किये हैं। प्रवर्तन शाखा के दल ने कई स्थानों पर एक साथ छापेमारी की कार्यवाही के दौरान इन ट्रकों को पकड़ा। इनमें बिना बिल के ये स्क्रैप अवैध रूप से सरिया निर्माण के लिए ले जाया जा रहा था। जीएसटी कमिश्नर मुख्य आयुक्त कुमारपाल गौतम ने बताया कि कर कानूनों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

000

जयपुर में यातायात पुलिस ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों से जुर्माना अब ऑनलाइन वसूल करेगी। पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने बताया कि यातायात नियमों की पालना नहीं करने वालों के खिलाफ चालानी कार्यवाही को कैशलेस किये जाने के निर्देश दिये गये हैं। चालानी कार्यवाही में पारदर्शिता लाने के लिए ये पहल की गई है।

000

विश्व युवा कौशल दिवस के मौके पर करौली में कार्यशाला आयोजित की गई। ये कार्यशाला राजस्थान कौशल और आजीविका विकास निगम की ओर से रखी गई। इस दौरान आर.एस.एल.डी.सी. के जिला समन्वयक अभिषेक कुमार शर्मा ने युवाओं को सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया। कार्यशाला में युवाओं को स्वरोजगार और कौशल विकास कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

000

प्रदेश में कुछ स्थानों पर भारी बारिश और अधिकतर हिस्सों में हल्की से मध्यम बरसात दौर जारी है। आज पाली के हेमावास में 19 सेंटीमीटर पानी बरसा। वहीं बीते 24 घंटों में भीलवाडा के बिजौलिया में 18 सेंटीमीटर बारिश रिकॉर्ड हुई। चित्तौडगढ के भैंसरोडगढ में 17, नागौर के मकराना में 14 और टोंक के निवाई में 13 सेंटीमीटर बारिश हुई। इसके अलावा मंडाना, सांभर, नावा, परबतसर और अन्य स्थानों पर 10–10 सेंटीमीटर से ज्यादा बरसात रिकॉर्ड की गई। तेज बरसात से बहुत से स्थानों पर जलभराव के स्थिति बनी हुई है। पाली शहर में कई कॉलोनियों में पानी

भर गया। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी खेतों में कई जगह पानी भरने के समाचर हैं। जोरदार बरसात से राज्य के जल स्त्रोत करीब 62 प्रतिशत तक भर गये हैं। 106 बांध लबालब हैं और 407 आंशिक रूप से भरे हैं।

इस बीच, मौसम विभाग ने आज भरतपुर, अजमेर, जोधपुर, बीकानेर और जयपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी से बहुत भारी बारिश होने की संभावना जताई है। कल कोटा, उदयपुर, भरतपुर और बीकानेर संभाग में कुछ स्थानों पर भारी बारिश का सिलसिला बना रह सकता है।

पूर्वी राजस्थान में 17 जुलाई से और राज्य के पश्चिमी जिलों में 18 जुलाई से तेज बारिश की गतिविधियों में कमी आने के आसार हैं।

000

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज उद्योग जगत के हितधारकों से कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व–सीएसआर गतिविधियों को बढ़ाने के लिए सामाजिक–आर्थिक ऑडिट करने का आग्रह किया। आज नई दिल्ली में 12वें राष्ट्रीय सीएसआर शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री गडकरी ने इस बात पर ज़ोर दिया कि शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याएँ अलग–अलग हैं। उन्होंने कहा कि संसाधनों पर उन्नत तकनीक का उपयोग करने से ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ा बदलाव लाया जा सकता है।

कार्यक्रम में श्री गडकरी ने विभिन्न क्षेत्रों में सीएसआर पहलों के लिए कंपनियों और संगठनों को पुरस्कार भी प्रदान किए।

000

दुनिया के सबसे उम्रदराज मैराथन धावक माने जाने वाले फौजा सिंह का पंजाब में निधन हो गया। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने अपने शोक संदेश में कहा कि उन्होंने एक रनर के रूप में विश्व में भारत का नाम रोशन किया। इसके साथ ही बढ़ती उम्र में भी सेहत के लिए जागरुक रहने की प्रेरणा दी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी फौजा सिंह के निधन पर दुख जताया है। श्री शर्मा ने अपने संदेश में लिखा कि अपने अद्भुत संकल्प और अनुशासन से उन्होंने फिटनेस की मिसाल कायम की।

000

उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने आज राजसमंद में मेधावी छात्राओं को स्कूटियों की चाबियां सौंपी। कालीबाई भील और देवनारायण निःशुल्क स्कूटी योजना के तहत इन स्कूटियों का वितरण किया गया। डॉ. बैरवा ने सेठ रंगलाल कोठारी राजकीय महाविद्यालय में बने नये कक्षों का लोकार्पण किया।

000